लोक सभा

तारांकित प्रश्नप संख्याब 2*70

16 मार्च, 2015 को उत्तरर के लिए

इस्पात मूल्य

270* श्री रवनीत सिंह:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान इस्पात उत्पादों के मूल्यों में काफी विविधता रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त अवधि के दौरान विभिन्न इस्पात उत्पादों का दर्शाया गया खुदरा मूल्य क्या रहा है और इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या घरेलू बाजार में कच्चे माल की कीमतों में उतार-चढ़ाव में घरेलू लघु उद्योग इस्पात विनिर्माण इकाइयों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान लौह अयस्क और कोकिंग कोयला जैसे महत्वपूर्ण कच्चे माल की कीमतों में क्या उतार-चढ़ाव रहा है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या सरकार का विचार इस्पात के मूल्यों को विनियमित करने के लिए इस्पात मूल्य निर्धारण विनियामक प्राधिकरण की स्थापना करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) उत्पादन बढ़ाने और उपभोक्ताओं को सस्ती दरों पर आपूर्ति करने में इस्पात उद्योग की सहायता करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं?

उत्त र

इस्पापतऔर खान मंत्री **श्री नरेन्द्र सिंह तोमर**

(क) से (घ) : एक विवरण लोक सभा के पटल पर रख दिया गया है।

....

"इस्पात मूल्य" के बारे में श्री रवनीत सिंह, संसद सदस्य द्वारा लोक सभा में दिनांक 16 मार्च, 2015 के लिए पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या *270 के भाग (क) से (घ) के उत्त र में उल्लिखित विवरण

(क): घरेलू बाजार में इस्पात मदों की कीमतों में उतार-चढ़ाव अन्य बातों के साथ-साथ घरेलू बाजार स्थितियों, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इस्पात की कीमतों और कच्चे माल एवं अन्य आदान सामग्रियों की कीमतों में उतार-चढ़ाव के अनुसार होता रहा है। जनवरी, 2011 से जनवरी , 2015 के दौरान घरेलू बाजार में टीएमटी और एचआर क्वायल्स की कीमतों में उतार-चढ़ाव को दर्शाने वाली एक तालिका **अनुलग्नक-I** पर है।

(ख) से (घ): गत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान दो प्रमुख कच्चे माल अर्थात लौह अयस्क और कोकिंग कोल की कीमतें **अनुलग्नक -II** में दर्शायी गई हैं। हॉलाकि लौह अयस्कन का अपने देश में उत्पागदन किया जाता है, लेकिन कोकिंग कोल के लिए भारत अधिकांशत: आयातों पर निर्भर रहता है। जैसा कि देखा जा सकता है कि गत चार वर्षों के दौरान कोकिंग कोल की कीमतों में लगातार गिरावट आई है और आजकल लौह अयस्कक की कीमतों में भी कमी हुई है। तथापि , गोवा और उड़ीसा राज्योंक में लीज नवीनीकरण तथा कर्नाटक राज्य। में खनन लीजों के निरस्तीगकरण के संबंध में उच्च तम न्याकयालय के निर्णयों के कारण लौह अयस्कक की क्षेत्रीय स्तभर पर कमी हुई है। इस्पांत एक नियंत्रण मुक्तथ क्षेत्र है और सरकार इस्पात मूल्य निर्धारण विनियामक प्राधिकरण की स्थापना करने पर विचार नहीं कर रही है। घरेलू इस्पात उद्योग में लौह अयस्क की उपलब्धता कम कीमतों पर सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने लौह अयस्क के निर्यात पर 30 प्रतिशत निर्यात शुल्क और लौह अयस्क पैलेटों के निर्यात पर 5 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया है।

***

अनुलग्नतक I

विभिन्नतइस्पापत उत्पारदों की घरेलू कीमतों मे उतार-चढ़ाव

(रूपये प्रति टन)

दिल्ली में संकेतात्म क कीमतें	**टीएमटी**	**एचआर क्वा यल्स**
	10एमएम	**2.5एमएम**
जनवरी-11	39970	44140
जनवरी -12	46790	46400
जनवरी -13	47610	47640
जनवरी -14	48310	48060
जनवरी -15	42375	40667
संकेतात्ममक्खुदरा कीमतों मे परिवर्तन का प्रतिशत		
जनवरी 11 से जनवरी 12	17.1	5.1
जनवरी 12 से जनवरी 13	1.8	2.7
जनवरी 13 से जनवरी 14	1.5	0.9
जनवरी 14 से जनवरी 15*	-12.3	-15.4

स्रोत: संकेतात्म5कखुदरा कीमतें, जेपीसी

* अंनतिम

अनुलग्न क– II

प्रमुख कच्चो माल की कीमत मे उतार-चढ़ाव

1. कोंकिंग कोल

($/ प्रति टन में)

माह और वर्ष	आस्ट्रेमलियाईहार्ड कोकिंग कोल
जनवरी 2011	328.34
जनवरी 2012	219.01
जनवरी 2013	165.98
जनवरी 2014	127.99
जनवरी 2015	107.22
कीमतों मे परिवर्तन का प्रतिशत	
जनवरी 11 से जनवरी 12	-33.29
जनवरी 12 से जनवरी 13	-24.21
जनवरी 13 से जनवरी 14	-22.88
जनवरी 14 से जनवरी 15	-16.39

स्रोत : प्ले ट/ ईआरयू

2. लौह अयस्क

(रूपये प्रति टन)

माह और वर्ष	एनएमडीसी द्वारा लौह अयस्की की घरेलू कीमत (बैला लम्पक्)	पूर्व वर्ष की तुलना में % परिवर्तन	एनएमडीसी द्वारा बैला लम्परकी घरेलू कीमत	पूर्व वर्ष की तुलना में % परिवर्तन
जनवरी 2011	4353		2590	
जनवरी 2012	4960	13.94	2610	0.07
जनवरी 2013	5060	2.01	2810	7.7
जनवरी 2014	4200	-17.0	3060	8.9
अप्रैल 2014	4500	7.1	2910	-4.9
मई 2014	4300	4.4	2910	0
जून 2014	4600	6.9	3160	8.6
जुलाई 2014	4600	0	3160	0
अगस्त 2014	4600	0	3160	0
सितम्बर 2014	4600	0	3160	0
अक्तूबर 2014	4600	0	3160	0
नवम्बर 2014	4400	-4.3	3160	0
दिसम्बर 2014	4200	-4.5	3060	-3.2
जनवरी 2015	4200	0	3060	0
फरवरी 2015	3750	-10.71	2760	-9.80
मार्च 2015	3250	-13.33	2460	-10.86

स्रोत : एनएमडीसी